हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप

### मौसम बदलते ही कोरोना का केस

**रायपुर।** मौसम में हुए बदलाव और लंबे ब्रेक के बाद बिलासपुर में कोरोना का केस सामने आया है। 66 वर्षीय मरीज जिसका इलाज वहां के निजी अस्पताल में चल रहा है उसकी रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। मरीज को सांस लेने में तकलीफ के बाद इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया था। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उसकी ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में जानकारी ले रही है। मरीज की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### मौसमी बीमारी की रोकथाम के निर्देश

**रायपुर।** मौसमी बीमारियों को रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की कमी ना हो इस बात की सतत निगरानी करने कहा गया है। इसके साथ ही सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखने कहा गया है। उन्होंने चेताया है कि किसी भी इलाके में मरीजों को इलाज के लिए तकलीफ ना उठानी पड़े इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद इलाके में शराब की तस्करी करने वाले आरोपी राजा साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास साढ़े तीन हजार रुपए की शराब मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि छतौना चौक पास एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे देशी शराब बरामद की गई है।

### 4 किलो पॉलीथिन जब्त 1200 जुर्माना वसूला

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन-5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में लाखेनगर चौक और रायपुरा चौक के पास दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 4 दुकानों से लगभग 4 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई और संबंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 1200 रुपए जुर्माना वसूला।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नयापारा महमरा जाने वाले मार्ग में शराब बेचा जा रहा था। इस दौरान दुर्ग कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 33 ढीमर पारा दुर्ग निवासी देवेन्द्र ढीमर बताया है। उसके पास से पुलिस ने 40 पौवा अवैध शराब जब्त किया गया है।जिसकी कीमत 4400 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में टीआई विजय यादव व उनकी टीम का योगदान रहा है।

# सरपंच के मकान निर्माण कार्य पर तहसील न्यायालय ने लगाई रोक

## ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर दिया गया स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए कलंगपुर के ग्रामीण ज्ञानेश्वर साहू, सुखचरण साहू, नारायण चंदन, कुशलराम साहू, वकील चंदन, हेमलाल साहू, इंद्रजीत कुल्हारे, पन्नालाल साहू, उग्रसेन साहू, गिरधर धनकर, घोण्डुल महतो, धनीराम साहू, आनंद राम साहू, गणेशराम सिन्हा, गैंदूराम सिन्हा, टिकू साहू सहित सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही से शिकायत कर ज्ञापन सौंपा था। इस पर विभागीय अधिकारी ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए तहसील न्यायालय द्वारा सरपंच का मकान निर्माण कार्य पर स्थगन आदेश जारी किया गया। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैधानिक रुप से अतिक्रमण कर अपने पुराने मकान के सामने गांव की मुख्य गली में मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जहां पर सरपंच द्वारा मकान बनाया जा रहा है, वह सांस्कृतिक मंच से लगा हुआ है। यहां विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। साथ ही वह हाईस्कूल, अस्पताल, बिजली आफिस एवं गौठान जाने के लिए मुख्य गली है। ग्रामीणों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण गली बहुत संकरी हो चुकी है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

### दूसरे कब्जाधारियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सरपंच पुष्पा सिन्हा के पति गोविंद सिन्हा भी वर्तमान में गामीण अध्यक्ष के पद पर हैं। गांव वालों का कहना है कि गांव के मुखिया द्वारा स्वयं अवैध निर्माण करने के कारण अन्य व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर भी अंकुश लगाना नहीं चाह रहे हैं, जबकि उनके पास पर्याप्त भूमि होते हुए भी अतिक्रमण वाली जमीन का पट्टा दिखाकर वहां पर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा था।



### पट्टे वाली जमीन पर कर रहे थे निर्माण : सरपंच

मामले में सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा ने कहा कि ग्रामीणों व शिकायतकर्ताओं ने मकान निर्माण कार्य पर अतिक्रमण का आरोप लगाया है, वह सर्वथा गलत व निराधार है। मकान निर्माण कार्य राज्य सरकार व तहसीलदार गुण्डरदेही द्वारा जारी की गई आबादी पट्टे पर पूर्व काबिज स्थान पर किया जा रहा था।

मांग : विहिप नेताओं ने कहा हमेशा माहौल खराब होने का बना रहेगा भय

# चर्च निर्माण की अनुज्ञा के संबंध में विहिप ने जताई आपत्ति, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अर्जुन्दा नगर पंचायत क्षेत्र में आवासीय घर सहित प्रार्थना सभा चर्च निर्माण की अनुमति के लिए भवन अनुज्ञा देने संबंधी जारी ईश्तहार पर विश्व हिंदू परिषद जिला बालोद संगठन ने आपत्ति जताई है। ईश्तहार का विरोध करते हुए चर्च निर्माण की अनुमति नहीं देने की मांग करते हुए हिन्दू संगठनों ने मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को आवेदन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई।

इस दौरान बालोद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, मण्डल अध्यक्ष प्रणेश जैन, जिला सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट, पार्षद लीलेश्वर ठाकुर, रमेश सिन्हा, रितेश देवांगन दुर्गावाहिनी संगठन की दीपिका साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी केएल चौहान से संगठन नेताओं ने इस विषय पर चर्चा की व आपत्ति करते हुए कहा कि जेरिश वर्गीस जो मूलतः पटना बिहार निवासी है। वहीं चंद्रमणि मारकंडे जो आवास निर्माण व चर्च निर्माण के लिए अनुमति चाहते हैं, वे प्रदेश व जिले से बाहर के लोग हैं। शांत सामाजिक माहौल को बिगाड़ने के लिए इनके द्वारा जमीन को आवासीय प्रयोजन के लिए क्रय कर धार्मिक वातावरण को खराब करने आवास के बहाने चर्च निर्माण किया जाएगा। इससे अर्जुन्दा नगर सहित आस पास के कई गांवों में अन्य धर्म समाज के बीच माहौल खराब होगा, वहीं कानून व्यवस्था भी बिगड़ेगी, जो सही नहीं है। बलराम गुप्ता ने कहा कि बालोद जिला में लंबे समय से ईसाई मिशनरियों से जुड़े कुछ लोग स्वयं धर्मान्तरित होकर हिंदू धर्म समाज के बीच प्रलोभन व कूटरचना के कार्य कर सनातन धर्म को बांटने व तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। बालोद जिला में कई गांवों में कुछ समय से लगातार घरों में सामूहिक अवैध प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसका विरोध विहिप संगठन सहित अन्य धार्मिक संगठन व सामाजिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समय-समय पर बालोद जिलोके कई गांवों में रविवार को अवैध प्रार्थना सभा करने व अन्य ग्रामों के लोगों को घरों में बुलाकर कार्यक्रम करने की शिकायत पुलिस को भी मिल रही है।



### ईश्तहार निरस्त करने की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

नरेश यद्धु, प्रणेश जैन, रितेश देवांगन, बोधन भट्ट ने कहा कि आवेदक ने कूटरचित गलत दस्तावेज लगाए हैं। ईश्तहार निकाला गया है, वो पूर्णतया गलत जानकारी के चलते नगर पंचायत द्वारा निकाला गया है। इसलिए विभाग इस मामले को संज्ञान में लेते हुए ईश्तहार को ही निरस्त कर इस मामले को खत्म करे। अन्यथा हिंदू धर्म समाज इस विषय पर आगे की लड़ाई लड़ने बाध्य होगा।

# न्याय के लिए डेढ़ साल से भटक रहे बुजुर्ग ने मांगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जमीन प्रकरण में न्याय की उम्मीद लगाए एक बुजुर्ग किसान के सब्र का बांध टूटने लगा है। हर तरह से हताश बुजुर्ग ने प्रशासन से इच्छा मृत्यु की मांग की है। पीड़ित किसान ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर डेढ़ साल से बार-बार पेशी पर बुलाकर प्रताड़ित करने तथा पैसे मांगने का आरोप लगाया है।

बता दें कि 3 दिन पूर्व इसी तहसील कार्यालय के तहसीलदार को कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निलंबित किया था। अब यहां के क्लर्क पर आरोप लगा है। जिला के ग्राम फरदडीह निवासी पीड़ित किसान जिलेराम ने आरोप लगाया कि उसकी बड़ी बहू ने धोखाधड़ी करते हुए दो बेटियों और छोटे बेटे का नाम काटकर अपने पति लखन लाल के नाम करवा दिया। वहीं, छोटे बेटे को उसका हिस्सा देने की बात कहने पर उन्हें भी घर से निकालकर खाना-पीना देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि वह न्याय के लिए



पिछले ढेढ़ साल से थाना से लेकर तहसील, एसडीएम और कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि देवरी तहसील कार्यालय में बाबू बार-बार पेशी की तारीख देकर प्रताड़ित कर रहा है और पैसों की मांग करता है। इससे परेशान होकर उन्होंने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की मांग की है।

### मैं स्वयं करूंगा जांच : अपर कलेक्टर

मामले में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक का कहना कि आवेदन देख मुझे भी गलत लग रहा, परन्तु जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मैं खुद तहसील कार्यालय का दौरा कर जाँच करूँगा। अगर शिकायत सही पाई गई, तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय बालक शाला कुसुमकसा में बाल कैबिनेट का किया गया गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला कुसुमकसा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान अध्यापक केवल राम तारम के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कक्षा 8वीं के खेमलाल को चुना गया।

इसी तरह उप प्रधानमंत्री सानिया कोठरी, वित्त मंत्री मानसी साहू, शिक्षा मंत्री विभा कोमार्य, स्वास्थ्य मंत्री स्वाति निषाद, सांस्कृतिक मंत्री पारुल नायक और खेल मंत्री गुलशन को बनाया गया। इसी तरह अनुशासन मंत्री पुष्पांजलि, पर्यावरण मंत्री अर्चना, मध्यान्ह भोजन मंत्री सागर जगनायक, उद्योग मंत्री शिवानी यादव, सफाई मंत्री हुसैन भुआर्य को चुना गया। इसके साथ ही शाला नायक युगांत कुलदीप व उप शाला नायक शालिनी मंडावी बनाए गए। वहीं, हिमांशु को कक्षा 6 वीं, टोकेंद्र कुमार को 7 वीं तथा कीर्ति को कक्षा 8 वीं के कक्षा नायक की जिम्मेदारी दी गई। सभी चयनित पदाधिकारियों को छात्र-छात्राओं ने गुलाल लगाकर बधाई दी।

स अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं मनोज कुमार चंद्राकर, नंदू राम साहू, सरिता टेंभरे, ईश्वरी नागवंशी, सविता घनश्याम तथा शाला के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों एवं कक्षा नायकों को प्रधानपाठक केवलराम तारम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 2 जामगांव आर में कराया गया बच्चों का अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज. जामगांव आर

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 जामगांव आर में अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा धर्मेंद्र निर्मल ने बच्चे को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। माताएं आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों के सतत संपर्क में रहकर मार्गदर्शन अनुरूप खान पान दिनचर्या व्यवस्थित करें। अन्नप्राशन दिवस बच्चे के जीवन का स्वर्णिम अवसर होता है।

महिला बाल विकास सुपरवाइजर मेघा मोहरिल ने कहा कि गांव-गांव



मोहल्ले में आंगनबाड़ी हो जाने से माताओं में अच्छी खासी जागरूकता आई है, जिसका लाभ जच्चा एवं बच्चा दोनों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि सजगता पूर्वक आहार ग्रहण करने से बीमारियां दूर रहती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा गोस्वामी ने माताओं को अवगत कराया कि जन्म से 6 माह तक मां का दूध ही बच्चों के आहार के लिए उपयुक्त होता है। माताएं बच्चों के हितों का ध्यान रखते हुए अपने आहार चर्या के लिए सजग रहें, जिससे बच्चे को मां का दूध भरपूर मात्रा में मिल सके। सहायिका चंद्रिका यादव भी उपस्थित थीं।



# भारी गाड़ियों की एंट्री के विरोध में हस्ताक्षर अभियान

**रायपुर।** संतोषी नगर क्षेत्र में भारी गाड़ियों की एंट्री के विरोध में बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमीत दास के नेतृत्व में कार्यकर्ता और स्थानीय रहवासियों ने संतोषीनगर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रशासन से संतोषीनगर क्षेत्र में भारी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। सुमीत दास ने बताया कि संतोषीनगर में भारी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक समस्या बनी रहती है, वहीं आए दिन सड़क दुर्घटना भी होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं में लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि अंडरब्रिज के पास भारी गाड़ियों के कारण हर रोज दिनभर में कई बार जाम की स्थिति भी बनती है, जिसके कारण दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया सहित अन्य छोटी गाड़ियों के चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# कोलिहापुरी व पीसेगांव के आंबा केंद्रों में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत कोलिहापुरी और पीसेगांव में आंगनबाड़ी केंद्रों में और बच्चों के घर में बेटियों के नाम पर फलदार और छायादार पेड़ लगाए गए। उन्होंने केंद्र के बच्चों और माताओं को पेड़ के संरक्षण करने तथा माताओं को अपने अपने घर 5 पेड़ पपीता,केला,मीठा पत्ती,तुलसी और हल्दी लगाने के लिए कहा क्योंकि ये हमें एनीमिया और संक्रमण से बचाते है और पेड़ घरों में छोटे जगह में भी लगाए जा सकते हैं। इस अवसर पर



पर्यवेक्षक देवकी साहू, पिसेगांव की सचिव रश्मि और पंचायत के महिला पंच व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता, कौशल्या, लता, प्रभा, राजेश्वरी, सहायिका जानकी, संगीता, उमा, प्रेमीन अहिल्या और गर्भवती ,शिशुवती माताएं तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पेज 11 के शेष

### प्रशासन ने हमें पीड़िता ..

छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर नाराजी जताई। उन्होंने कहा कि बालिका सुरक्षा से जुड़े इस मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा। जिले के एक छात्रावास में अध्ययनरत बालिका के गर्भवती होने और अधीक्षिका द्वारा परिजनों से सांठगांठ कर चुपके से गर्भपात करवाकर मामला रफा दफा करने की शिकायत ग्रामीणों ने विधायक विक्रय उसेंडी से की थी।

# ननि आयुक्त ने बीएसपी फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बारिश के मौसम में बीएसपी टाउनशिप में गंदा पानी सप्लाई होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कल टाउनशिप के पार्षदों की निगम आयुक्त से शिकायत के बाद बुधवार को आज अवकाश के बाद भी निगम आयुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ बीएसपी फिल्टर प्लांट मड़ौदा का निरीक्षण किया। फिल्टर प्लांट और बीएसपी घरों के नलों से पानी के सेंपल लेकर जांच के लिए भेज गए हैं। उन्होंने पीने के पानी को गुणवत्ता मानक के अनुरुप होने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सेक्टर के पार्षदों द्वारा शिकायत की गई थी। बीएसपी द्वारा सप्लाई किये जा रहे पीने का पानी निर्धारित मानक के अनुरूप घरों में सप्लाई नहीं हो रहा है। इस मामले में बुधवार को आयुक्त देवेश ध्रुव नगर निगम भिलाई के फिल्टर प्लांट के टीम को साथ लेकर के बीएसपी के फिल्टर प्लांट मरोदा में निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर सप्लाई की प्रणाली पानी साफ करने के लिए उपयोग किए जाने रसायन को चेक करवाया। पानी के सैंपल की जांच की गई। वहां के रजिस्टर एवं पानी साफ करने के लिए उपयोग की जाने वाली रसायन की मात्रा आदि का परीक्षण किया गया। पानी का सैंपल लिया गया। वहां फिल्टर प्लांट के अंदर पानी मानक के अनुरूप सही पाया गया। इसके बाद पूरी टीम सेक्टर 4 डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पहुंची और पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। वहां पर सप्लाई किये जा रहे पानी का सैंपल लिया गया।

### डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर से लिया सेंपल

इस सेंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया, वास्तविक जानकारी रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगी। बीएसपी के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ऐसी संभावना बन रही है, कि पाइपलाइन में या जॉइंट के समय कहीं पर लीकेज हो जिसके कारण पानी मानक के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रहा है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

14 कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही हमने चुनाव जीता : नाग

12 न्याय के लिए डेढ़ साल से भटक रहे बुजुर्ग ने ...




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## समस्या : नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कई वार्डों में आ रही समस्या

# पेयजल के लिए बिछाया गया पाइप लीक, वार्डों में जलसंकट, बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में जगह जगह लीकेज होने की शिकायत सामने आ रही है। पाइपलाइन लीक होने की यह समस्या शहरवासियों के लिए अब आम बात हो गई है। लेकिन वर्तमान में बारिश के इस मौसम में पाइपलाइन लीकेज होने की इस समस्या से लोगों के स्वास्थ्य में गहरा असर पड़ सकता है।

दरअसल जितने भी जगहों पर पाइपलाइन में लीकेज हुई है, वहां बारिश का पानी सहित धूल, मिट्टी भी नल के माध्यम से वार्डवासियों के घरों में पहुंचने की आशंका बढ़ गई है जिससे नगरवासी बीमार भी कर सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन और नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस गंभीर समस्या का समाधान करने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसका नतीजा आज भी शहर में कई जगहों पर लोग मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं और वे नल से साफ पानी आने का इंतजार कर रहे हैं।

### बारिश के दिनों में पाइप लीक होने से पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका



**लोग नहीं बताते : योगराज**

इस मामले में नगर पालिका जल सभापति एवं पार्षद योगराज भारती ने कहा कि घर वाले आकर बताते नहीं हैं। सभी काम को नगर पालिका वाले नहीं कर सकते, कुछ काम पब्लिक को खुद करना चाहिए।

### पाइपलाइन पुरानी, वार्डवासियों को परेशानी

आपको बता दें कि शहर में चारों ओर बिछी मुख्य पाइपलाइन जहां से घरों के लिए नल कनेक्शन जोड़ा गया है, वह पुराना होने के कारण जर्जर हो गई है। वहीं, वाहनों के पहियों में दबने के कारण कई जगहों पर पाइपलाइन फट जाती है। इसके कारण लीक होने लगता है और पानी सड़कों पर व्यर्थ बहता है। पुराने पाइपलाइन की मरम्मत करने की आवश्यकता है। पाइपलाइन से घर तक नल कनेक्शन के लिए जो पाइपलाइन बिछाई गई है, उसे सड़क को खोदकर 2–3 इंच गड्ढा कर ही बिछा दिया गया है। इसलिए उसके ऊपर गाड़ियों के आवागमन होने के कारण वह खराब हो रही है।

### फिल्टर प्लांट के बावजूद शहर में पानी की समस्या

शहर वासियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने शासन द्वारा जलावर्धन योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय में फिल्टर प्लांट तैयार किया गया है। करोड़ों रूपये की लागत से तैयार किये गए फिल्टर प्लांट के बाद भी शहरवासियों को साफ व पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने में पालिका प्रशासन विफल रही है। जलावर्धन योजना के अलावा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर में नई पाइपलाइन बिछाने के नाम पर करीब 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की थी, वहीं पाइपलाइन बिछाने का काम भी हुआ। लेकिन मुख्य पाइपलाइन से घरों तक कनेक्शन देने जो नल कनेक्शन के लिए पाइप बिछाई गई है, उसे सुधारा नहीं गया है। वर्षों पुरानी नल कनेक्शन आज भी जर्जर हालत में चल रहा है। शहर के कई वार्डो में पाइपलाइन लीक हो गया है, जिसके कारण पीने का पानी वार्डवासियों के घर में पहुंचने से पहले सड़क पर ही बहने लगा है, जिसकी न तो मरम्मत की जा रही है, न ही उसे रोकने का प्रयास किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ज्वेलर्स दुकान में सेंधमारी, 1 लाख 80 हजार के चांदी के जेवर ले उड़े चोर



गुण्डरदेही। नगर के धमतरी चौक के पास संचालित ऋषि ज्वेलर्स में बुधवार रात आज्ञात चोर लाखों के गहने चोरी कर फरार हो गए। चोरी की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक ने बताया कि कैमरे में तीन लोग दिख रहे हैं। गुरूवार की सुबह दुकान मालिक ऋषि सोनी ने बताया कि जब उसने सुबह 9 बजे दुकान खोली तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर दुकान के पीछे बने बाउंड्रीवाल को तोड़कर पीछे के दरवाजे से अंदर घुसे। चोर काउंटर के अंदर रखे दो किलो चांदी कीमत एक लाख 80 हजार की चोरी कर ले गए। दुकान मालिक के बताए अनुसार कैमरे में तीन लोग दिख रहे हैं, जो 3.28 बजे दुकान में घुसे। घटना की जानकारी दुकान मालिक ने गुंडरदेही पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# प्रशासन ने हमें पीड़िता व उनके परिजनों से नहीं मिलने दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर/डौंडीलोहारा

कांकेर के सरकारी छात्रावास में 16 साल की बच्ची के गर्भवती होने के मामले में कांग्रेस की जांच समिति छात्रावास पहुंची। समिति में 6 सदस्य हैं, इस कमेटी की संयोजक पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया हैं। उनके अलावा बालोद विधायक संगीता सिन्हा, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, नारायणपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामवती और कांकेर जिला कांग्रेस अध्यक्ष को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कांग्रेस जांच कमेटी जांच के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को रिपोर्ट सौंपेगी। मामले में कलेक्टर द्वारा अधीक्षिका को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

- कांकेर पहुंची कांग्रेस की जांच कमेटी के सदस्यों ने लगाया आरोप

कांग्रेस की जांच समिति ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा समिति के सदस्यों को पीड़िता या उसके घरवालों से मिलने नहीं दिया गया। जांच कमेटी की संयोजक अनिला भेड़िया व समिति की सदस्य संगीता सिन्हा ने कहा कि साजिश के तहत हमें पीड़िता से मिलने नहीं दिया गया है। समिति के सदस्यों ने हॉस्टल अधीक्षिका से गतिविधियों पर चर्चा की। दल में शामिल सदस्यों ने 2 घंटे से अधिक समय बालिका छात्रावास में बिताते यहां की व्यवस्था देखी।

आरोप लगाया गया कि दल के पहुंचने के बाद छात्रावास के गेट में ताला लगवा दिया गया, ताकि लोग वहां न पहुंच सकें। बाहर निकल दल की संयोजक विधायक अनिला भेड़िया ने पत्रकारों से कहा कि प्रशासन मामले को दबाने में लगा है। छात्रावास के स्टाफ और बच्चों को पूरी तरह सीखा पढ़ा दिया गया है, वे कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। अधीक्षिका बीईओ, डीईओ मौजूद थे, उनसे चर्चा हुई है, वैसे भी इस छात्रावास में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं हैं। 75 बच्चे हैं और 2 रूम है, उनके सोने–पढ़ने की कोई व्यवस्था नहीं है, स्थिति यह है कि न बाउंड्री वॉल है, न दरवाजा, न वॉश रूम में दरवाजा है, ऐसी स्थिति में बच्चियां यहां पढ़ रही हैं।

समिति की सदस्यों ने छात्रावास में रह रही बालिका से बातचीत भी की। जांच दल में सम्मिलित विधायकों ने ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### टीबी मरीज की सहायता के लिए किया गया सम्मान

**बालोद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की सहयोगी संस्था रिच द्वारा टीबी से पीड़ित के इलाज के लिए विशेष सहायता करने पर नगर पालिका बालोद के पार्षद तथा चेंबर ऑफ कामर्स जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने सम्मानित किया है।

### शिक्षक से प्रधानपाठक बने चौधरी ने कराया न्योता भोज



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार से पदोन्नत होकर प्राथमिक शाला सिब्दी(भरदाकला) में प्रधानपाठक बनने पर नूतन प्रकाश चौधरी ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिब्दी के बच्चों को न्योता भोज करवाया। बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी खिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सेन, सुरेन्द्र देवांगन, तोमीन गौतम, हेमेश्वरी देवांगन, इंद्रपाल देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, गायत्री देवांगन, कल्पना सार्वा, उपसरपंच सुनील साहू एवं सीएसी दुर्गेश ठाकुर उपस्थित रहे।

### घीना में भाजपा कार्यकर्ता कैलाश ने लगाए पौधे



**बालोद।** ग्राम घीना के भाजपा कार्यकर्ता कैलाश सिन्हा ने गांव के सहकारी समिति के प्रांगण में पीपल व वट के पौधे रोपकर अपने जन्म दिवस को पर्यावरण जागरण के रूप में मनाया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरण का संदेश दिया है। इस कार्य में सहयोग सेवा सहकारी समिति घीना के प्रबंधक बसंत ठाकुर, यतीन तारम, मकुंद साहू, डालसिंह यादव, खिलावन सिन्हा, रवि चोरिया, द्रोण कुमार निषाद, रूपसिंह रावटे ने उनका सहयोग किया।

### चना घोटाले की जांच कराए सरकार : गोपाल

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम उसरवारा निवासी गोपाल साहू आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे।



अपने क्षेत्र के युवा नेता गोपाल साहू को प्रदेश अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के युवाओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। विकासखण्ड का कोई भी नेता आज तक किसी राष्ट्रीय पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना है। पहली बार विकासखण्ड के युवा नेता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में जोश एवं उत्साह का वातावरण है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर चना घोटाला का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। प्रदेश में फ़ूड माफ़िया खुलेआम सरकारी ख़ज़ाने को लूट रहा है और सरकार बेख़बर बैठी हुई है। इसका एक ही मतलब है कि सरकार में बैठे लोग इस लूट में शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस पूरे मामले की जाँच कराने की माँग की।

## तैयारी

**विधानसभास्तरीय मतदाता सम्मान समारोह में कांकेर सांसद ने जताया आभार**

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही हमने चुनाव जीता : नाग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा द्वारा गुरूर में विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह एवं आभार सभा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पौधारोपण किया गया और लोगों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित सांसद का गुरूर में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं जबरदस्त उत्साह था। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पूरी निष्ठा के साथ काम किया। कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही हमने चुनाव जीता है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने भाजपा का समर्थन करते हुए उन्हें वोट देने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री नाग ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता और आम लोगों की समस्या और मांगों के निराकरण के लिए सक्रियता से काम करने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि अब किसी भी कार्यकर्ता को भटकना नहीं पड़ेगा। पिछले पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में कार्यकर्ता काफी प्रताड़ित हुए, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सांसद ने विष्णुदेव साय सरकार के कार्यों की तारिफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कम समय में ही अपनी सभी चुनावी घोषणा पूरी कर चुकी है। क्षेत्र में खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री, जुआ एवं सट्टा के संबंध में कार्यकर्ताओं की शिकायत पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में उनके नेताओं के संरक्षण पर ही यह सब हो रहा था, लेकिन प्रदेश में अब भाजपा की सरकार है, इसलिए किसी भी प्रकार से अवैध कार्य नहीं होगा। इस अवसर पर गुरूर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, बालोद मंडल शहर अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, यादराम साहू, त्रिलोकी साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, ऐनूराम सोनवानी, सुरेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, ललिता साहू, तेजराम साहू, दुर्गानंद साहू, भुवन लाल साहू, मेहत्तर नेताम, राजेश दीवान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पीपरे, मनीष साहू, खेमलाल देवांगन, अजेन्द्र साहू, सत्येन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छोटू यादव एवं आभार महामंत्री मेहत्तर नेताम ने किया।

### निकाय व पंचायत चुनाव के लिए अभी से तैयार रहने की अपील

भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार, राकेश यादव, सविता साहू, छगन देशमुख, सहित अन्य नेताओं ने भी अपनी बात रखी। साथ ही कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को आगामी निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव में भी कार्य कर नगर निकाय चुनाव, ग्राम पंचायत चुनाव, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में भी हमें सत्ता हासिल करने के लिए कार्य करना होगा। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है और हमें अनुशासन में ही रहकर कार्य करना है। यशवंत जैन ने भाजपा की महिला पार्षद के साथ हुई मारपीट की घटना की निंदा करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। कार्यक्रम में पौधा वितरण कर सभी कार्यकर्ताओं को मां के नाम एक पेड़ लगाने का आव्हान किया गया।

# भेंगारी के दो मंदिरों की दान पेटी का ताला तोड़ नकदी व जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज. लाटाबोड़/बालोद



बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भेंगारी में श्रीराम मंदिर व दुर्गा मंदिर को मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने दुर्गा मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर दान पेटी में रखे लगभग 8000 हजार रूपए नकद 40000 हजार रूपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया।

वहीं, बाजार चौक स्थित राम मंदिर से 12000 हजार रूपए नकदी और 10000 हजार रूपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित 70000 हजार रूपए पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी ग्रामीण आनंद राम साहू पूरन साहू टोमन साहू को तब लगी, जब वे सुबह सुबह मॉर्निंग वाक पर निकले थे। ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना पहले ग्राम प्रमुखों को दी। वहीं, ग्राम प्रमुखों की सूचना पर बालोद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने पर चोर दिखाई दे रहे हैं, जो कपड़े से मुंह बांधकर साइकिल से पहुंचे थे। ग्रामीण भागीरम साहू व सुरेश साहू की रिपोर्ट पर बालोद पुलिस मामला पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

# जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट, जुर्म दर्ज

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तमोरा में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। बालोद पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रार्थी पचकौड़ राम ने बताया कि 12 जुलाई की सुबह बेलौदी खार तरफ खेत में गन्ना फसल में दवाई छिड़कने के लिये गया था। मेरा बड़ा भाई गुहरी राम साहू एवं उसका लड़का सूर्यकांत साहू पहले से ही अपने खेत में काम कर रहे थे। गुहरी राम मुझे देखकर मेरे पास आकर तेरे को कब से मेरे जमीन को छोड़ बोल रहा हूं क्यों नहीं छोड़ रहा है, कहकर गाली गलौज करने लगा। तब मेरे द्वारा मना करने पर गुहरी राम एवं उसका लड़का सूर्यकांत दोनों गाली गलौज कर धमकी देते हुये मरपीट करने लगे। वहीं, गुहरी राम ने डण्डा से पीटा। इससे मेरे दोनों पैर, जांघ, कमर में दर्द है। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर बालोद थाने में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुक्ताश्रम हथौद में गुरूपूर्णिमा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की गुरु पूर्णिमा की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि महर्षि मुक्तानंद और ब्रम्हलीन स्वामी आत्मा राम कुम्भज के प्रभास क्षेत्र में निवासरत शिष्यों, साधकों का महापर्व गुरुपूर्णिमा मुक्ताश्रम हथौद में भव्यता से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 8 बजे गुरु पादुका पूजन, 9 बजे से शिष्यों और भजन मंडलियों द्वारा गुरु वंदना एवं भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

वहीं, गुरु अष्टकम पाठ हेमंत सिन्हा द्वारा 11 बजे से किया जाएगा। गुरु महिमा और मुक्तानुभूति पर प्रवचन गिरिजा देवी शर्मा (कुसुमकासा) द्वारा 1:30 बजे किया जाएगा। महाप्रसादी दोपहर 3 बजे से वितरित किया जाएगा। मुतानुभूति प्रवचन स्वामी सत्यानंद झंडापुर (उत्तरप्रदेश) द्वारा संध्या 5 बजे प्रवचन पश्चात महाआरती के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। मंच संचालन वेदांत वक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत करेंगे। बैठक में मुक्ताश्रम न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल खुरश्याम, सचिव पवन साहू, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य लखन नेताम, रामभरोसा साहू, संतोष सिन्हा, थानसिंह साहू, सागर दास मानिकपुरी, ओमप्रकाश गजेंद्र, मनोज साहू उप सरपंच यसवंत साहू, घनाराम साहू, आचार्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत उपस्थित थे। क्षेत्र के मुक्त सत्संगियों से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील मुक्ताश्राम न्यास द्वारा की गई है।

**जिले से 5000 कार्यकर्ताओं को रायपुर ले जाने की तैयारी**

# 24 को विधानसभा घेरने निकलेगी कांग्रेस, तैयारियों के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर बालोद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रायपुर ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

भारतीय जनता पार्टी के शासन आने के बाद पहली बार हो रहे विधानसभा घेराव को लेकर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और लगभग 5000 कार्यकर्ताओं के बालोद जिले से विधानसभा घेराव के लिए जाने की तैयारी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की जा रही है। घेराव को लेकर तैयारी बैठक में मुख्य रूप से एआईसीसी डेलीगेट विधायक डौंडी लोहारा अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक संजारी बालोद भैयाराम सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव कृष्णा दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका दल्ली राजहरा अध्यक्ष शिबू नायर, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, रामजी भाई पटेल, रुखसाना बेगम, हसीना बेगम, तिगाला, अनिल लोढ़ा, यज्ञदेव पटेल, प्रेमचंद क्षीरसागर, कोमेश कोर्राम, ओमप्रकाश गजेंद्र, सतीश यादव, पुनेश्वर साहू, जीवराखन साहू, रोहित सागर, देवेंद्र साहू, निर्देश पटेल, माधव गिरी, हस्तीमल सांखला, रामेश्वर देशमुख, कासीमुद्दीन कुरैशी, भूपेश नायक, संतोष पांडे, रामकुमार शर्मा, विवेक मसीह, कुमार सिंह कोरेटी, संतोष चौधरी, परसराम वीडियो, आंचल प्रकाश साहू, सुनील मल्लिका, दिनेश्वर साहू, संदीप साहू, कैलाश राजपूत, रविकांत देशमुख, दीनाराम चेलक, धनेश्वरी ठाकुर, चमेली साहू, संतोषी ठाकुर के ईश्वर राव उपस्थित थे।

### निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता इस घेराव के माध्यम से ही आगामी पंचायती राज चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव की भी तैयारी में लग जाएं ताकि पूरे बालोद जिला के नगरी निकायों पर कांग्रेस के कार्यकर्ता फिर से काबिज हो सकें। वहीं पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने कहा कि समस्त कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीति के खिलाफ संघर्ष करने के लिए तैयार रहे। कांग्रेस इसकी शुरुआत विधानसभा घेराव से कर रही है उसमें हमें अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होना है। बैठक को कृष्णा दुबे मिथिलेश निरोटी केदार देवांगन संजय चंद्राकर शिबू नायर, विकास चोपड़ा, अशोक बामेश्वर, चंद्रेश हिरवानी, संतूराम पटेल, भोजराज साहू, अनिल यादव, कोदूराम दिल्लीवार, प्रशांत बोकाडे ने भी संबोधित किया। संचालन रतिराम कोसमा ने किया।

### महिला पार्षद से मारपीट की हिन्दू संगठनों ने की निंदा

**गुरूर।** अतिक्रमण हटाने के मामले में प्रशासन की कार्रवाई से नाराज कुछ महिलाओं द्वारा नगर पंचायत गुरुर की पार्षद के साथ हिंसक वारदात के मामले की विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति संगठन बालोद जिला ने कड़ी निंदा की है। इसे सभ्य समाज के लिए गलत कदम बताया है। जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, जिला संयोजिका सत्या साहू, उमेश सेन, बोधन भट्ट, परस साहू, शंकर साहू, मुरली साहू, ढाल साहू ने इस घटना को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस से हमले की सही जांच करने व हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन के नेताओं ने कहा कि देवेंद्र सिन्हा हिंदू संगठन बजरंग दल से जुड़ा सक्रिय कार्यकर्ता है एवं कुंती सिन्हा उनकी माँ है। इस हमले में हमारे कार्यकर्ता के घर में घुसकर एक मातृशक्ति को पकड़कर बाहर निकालकर उसके साथ कई महिलाओं द्वारा हमला करना, मारपीट करना, बीच सड़क पर पटकना यह भयावह घटना है। सभ्य समाज में इस प्रकार की हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। संगठन के नेताओं ने कहा कि लंबे समय से उक्त भूमि पर काबिज परिवारों के साथ जिला प्रशासन आगे वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके व्यवसायिक व्यवस्थापन की व्यवस्था करेंगे, इसकी अपील करते हैं।

# स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज निकुम में किया गया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में रेडक्रास एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम पर अभियान चलाया।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर महविद्यालय में प्राचार्य डॉ डी.के. बेलेंद्र के मार्गदर्शन और रेडक्रास अधिकारी अंजुरानी ठाकुर के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार दीपेश कुमार बीए अंतिम वर्ष के छात्र को मिला। वहीं, इसी विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सत्यम शर्मा, द्वितीय जितेंद्र कुमार व तृतीय स्थान रूपाली बेलचंदन ने प्राप्त किया। मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर, महविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सीमा जायसवाल, पूजा सोढ़ा, अन्नपूर्णा यादव, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा तथा डा. शिप्पी देवांगन उपस्थित रहे। ग्राम निकुम के तालाब में करंज व नीम के पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोहित कुमार, दीपेश, ओमेंद्र, लिलेश्वरी, चांदनी, आरती व चित्रलेखा ने अपनी भागीदारी निभाई।

# कई माह से नहीं मिला वेतन, कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने शुरू किया आंदोलन का प्रथम चरण

अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के आव्हान पर नगर पंचायत गुरूर के कर्मचारियों ने प्रति माह नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर गुरूवार को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य किया गया है। शुक्रवार को भी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे।

इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव ऋशभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर एवं जिला के पदाधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रथम चरण का आंदोलन प्रारंभ किया गया। कर्मचारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है। वर्तमान स्थिति में लगभग सभी नगरीय निकायों में विगत 1 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में न ही निकाय द्वारा न ही शासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियो की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गई है। वेतन नहीं मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई से लेकर पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। संघ की ओर से इस संबंध में वेतन समस्या का निराकरण किये जाने के लिए विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन दिया गया है, किन्तु शासन द्वारा इस पर कोई सार्थक पहल नहीं की गई है। कर्मचारी कल्याण संघ ने बताया है कि वेतन नहीं मिलने के कारण प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर शासन के रवैये के कारण विरोध प्रदर्शन आरंभ कर दिया गया है।

22 जुलाई को प्रदेश में कलमबंद हड़ताल करते हुए 29 जुलाई को प्रदेश के सम्पूर्ण नगरीय निकाय के द्वारा अपने अपने जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी कल्याण संघ ने कहा कि इसके बाद भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं करता है, तो संघ द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन, मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

# विधायक अनिला ने सीसी रोड और यात्री प्रतीक्षालय का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विधायक अनिला भेंडिया अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के दूसरे दिन खेरथाबाजार पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में सीमेंटीकरण एवं बहुप्रतीक्षित यात्री प्रतिक्षालय लिए भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही भरनाभाट के सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं डोमशेड के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से क्षेत्र में लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है। इब विपक्ष में रहकर हम आपके दुख दर्द में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस, नेतराम भांडेकर, गुलाब भंसाली, विक्रम सिंह सिन्हा, हेमलाल प्रजापति, ललित ठाकुर, जोइधा निषाद, रामबाई ठाकुर समारूराम, रेखू साहू एवं खेरथाबाजार तथा भरनाभाट के ग्रामीण उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# जु जित्सू वेस्ट जोन चैंपियनशिप में भाग लेने रवाना हुए बालोद के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



देवास (मध्य प्रदेश) में 19 से 21 जुलाई तक आयोजित जु जित्सू वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने छत्तीसगढ़ टीम कोच सुरेश शांडिल्य के नेतृत्व में बालोद जिले से 09 खिलाड़ी रवाना हुए।

इस प्रतियोगिता में प्रांजलि शांडिल्य, आर्यन साहू, टिंकल गजेंद्र, गायत्री यादव, रविकांत गजेंद्र, याना शांडिल्य, सौम्य सलामे, वैष्णवी सोनी, खिलेश्वर साहू भाग लेंगे। बालोद जिले में जु जित्सू मार्शल आर्ट के खिलाड़ी लगातार पदक जीत रहे हैं। टीम का हौसला बढ़ाने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी, संतोष गजेंद्र, महिला कोच विद्या शांडिल्य, प्रीति सोनी, दुलेश्वरी सलामे सभी ने खिलाड़ियों को जीत कर आने की शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किए।

## तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ... मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - ... सफेद पानी आना, ... मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है